हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 एसडीएम को हम चलाते हैं का रौब दिखाने वाले पर चला कलेक्टर का...



07 भाजपा के पूर्व विधायक की इंदिरा गांधी पर विवादित टिप्पणी से ...



खबर संक्षेप

अधिकारियों का प्रशिक्षण 5 एवं 6 नवंबर को

सागर। जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस से संबंधित कार्यों का प्रक्रियात्मक ज्ञान एवं क्षमता संवर्धन प्रदान करने के उद्देश्य से 5 एवं 6 नवंबर को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का आयोजन ई-दक्ष केंद्र सागर में किया जाएगा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि आईएफएमआईएस में आने वाली विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए वर्तमान में प्रायः पत्राचार किया जाता है, जबकि अधिकांश समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से आहरण संवितरण अधिकारियों को आईएफएम आईएस की कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं एवं समस्याओं के निराकरण संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ग्राम पड़रिया में नकली खाद के संदेह में छापामार कार्रवाई

सागर। 14 अक्टूबर को ग्राम पड़रिया में प्राप्त सूचना के आधार पर राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सामूहिक छापामार कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के दौरान ग्राम पड़रिया बीना निवासी सुरेंद्र सिंह ठाकुर के यहां से डीएपी खाद की 20 बोरियां पाई गईं। खाद की गुणवत्ता संदिग्ध होने पर मौके पर ही उसका नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया था। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट में डीएपी खाद का नमूना अमानक पाए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराई गई है। कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक श्री दीपेश मोघे ने बताया कि प्रयोगशाला जांच में खाद का नमूना अमानक पाया गया है, जिसके आधार पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। उक्त कार्रवाई के दौरान तहसीलदार हेमराज मेहर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय, कृषि विस्तार अधिकारी अजहर अभिषेक कौशिक, सचिन चतुर्वेदी, ग्राम सचिव, ग्राम कोटवार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे खाद एवं उर्वरक हमेशा अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदें तथा खरीदते समय पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

सीएमएचओ ने दीपावली पर बर्न इंजरी के उपचार हेतु दिए निर्देश

सागर। दीपावली पर आतिशबाजी और पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी बीएमओ, चिकित्सा अधिकारियों एवं अस्पताल प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सीएमएचओ ने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों से जलने, आंखों, हाथ-पैर और कान में चोट के मामले सामने आते हैं। विशेष रूप से कार्बाइड गन के उपयोग से बच्चों की आंखों को गंभीर नुकसान और स्थायी दृष्टिहीनता का खतरा रहता है। उन्होंने सभी अस्पतालों में 24 घंटे चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा बर्न वार्ड को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जलने और आंखों में चोट के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं, उपकरण एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध रखने को कहा है। आंख में चोट लगने पर उसे न मलने, 15 से 20 मिनट तक साफ पानी या नॉर्मल सलाइन से धोने और बिना चिकित्सकीय सलाह के कोई आई ड्रॉप नहीं डालने की सलाह दी गई है। इसके अलावा अस्पतालों में आकस्मिक ड्यूटी स्टाफ और एम्बुलेंस चालकों के मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने, एम्बुलेंस में ऑक्सीजन व अन्य उपकरण चालू हालत में रखने तथा गंभीर मरीजों के लिए 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। अति गंभीर स्थिति में कलेक्टर की अनुमति से एयर एम्बुलेंस का उपयोग भी किया जा सकेगा।

कलेक्टर ने किया ऑडिटोरियम, आवासीय कॉलोनी और प्रमुख चौराहों का निरीक्षण

यातायात व्यवस्था सुधारने, मूलभूत सुविधाएं बेहतर बनाने और पार्कों के नियमित रखरखाव के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार सुबह निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं नगर निगम की टीम के साथ शहर के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तिली चौराहा स्थित निर्माणाधीन ऑडिटोरियम, कनेरादेव आवासीय कॉलोनी, शहर के प्रमुख चौराहों, वीरांगना झलकारी बाई पार्क और छोटी झील किनारे नवनिर्मित घाट का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने तिली चौराहा स्थित निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर उसकी बैठक क्षमता, कमरों, हॉल, पेयजल, शौचालय और पार्किंग व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने नक्शे के माध्यम से भवन की डिजाइन की समीक्षा करते हुए निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि भीड़ प्रबंधन के लिए प्रवेश और निकास के रास्ते अलग-अलग बनाए जाएं। भवन का निर्माण इस तरह किया जाए कि उसका रखरखाव आसान हो। साथ ही पक्षियों से होने वाली गंदगी रोकने के लिए खुले हिस्सों और खिड़कियों को जाली एवं कांच से व्यवस्थित रूप से ढकने तथा परिसर



के पेड़-पौधों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुधारने पर जोर

कलेक्टर ने तिली चौराहा, राजघाट तिराहा सहित शहर के प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया। उन्होंने यातायात को सुगम बनाने के लिए विशेषज्ञों से ट्रैफिक सर्वे कराने और आवश्यकतानुसार रोटरी बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही सभी चौराहों पर लेफ्ट टर्न की व्यवस्था व्यवस्थित करने और यातायात के साथ चौराहों का सौंदर्यीकरण करने को कहा।

कनेरादेव कॉलोनी में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश

कनेरादेव आवासीय कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्मित ब्लॉक, आवंटित और निर्माणाधीन आवासों की जानकारी ली। उन्होंने बिजली व्यवस्था, सड़कों और पेयजल के लिए बनाई गई पानी की टंकी का जायजा लिया तथा रहवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने इंजीनियरों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कॉलोनी के नियमित रखरखाव के लिए रहवासियों की सोसाइटी गठित कर इसकी जिम्मेदारी सोसाइटी को सौंपने के निर्देश दिए।

पार्कों के रखरखाव और 3आर गतिविधियों की ली जानकारी

कलेक्टर ने वीरांगना झलकारी बाई पार्क एवं कला मंच के साथ छोटी झील किनारे नवनिर्मित घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्कों में नियमित साफ-सफाई, घास की कटाई और पेड़ों की छंटाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही पार्कों में स्थापित प्रतिमाओं के इतिहास की जानकारी प्रदर्शित करने को कहा, जिससे यहां आने वाले नागरिक उनके ऐतिहासिक महत्व से परिचित हो सकें।

छोटी झील के घाट पर उन्होंने कबाड़ से तैयार की गई गदा के आकार की कलाकृति सहित अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया। इस दौरान सागर में 3आर (रिसाइकिल, रीयूज और रिड्यूस) को बढ़ावा देने के लिए संचालित 3आर सेंटर एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी भी ली।



खुरई में जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

खुरई। जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर प्रतिबंधित क्षेत्र में घूम रहे आरोपी को खुरई शहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूर्व में 12 माह के लिए सागर सहित आठ जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया था।पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी, जयवीर सिंह भदौरिया तथा एसडीओपी खुरई के मार्गदर्शन में पुलिस को आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सौरभ यादव (27), निवासी मुड़िया, थाना खुरई शहर के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना खुरई शहर में अपराध क्रमांक 321/26 के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 14 में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी, उपनिरीक्षक अशोक उपाध्याय, आरक्षक देवेंद्र यादव, धीरेंद्र सिंह राजावत एवं गोपाल बंसीवाल की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिला बदर और अन्य प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

रिहायशी इलाके में अवैध पटाखों का भंडारण पकड़ा, 2.77 लाख के पटाखे जब्त

खुरई। घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में बिना वैध लाइसेंस के पटाखों का भंडारण करने वाले आरोपी के खिलाफ खुरई शहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 2 लाख 77 हजार 209 रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, नरेंद्र सोलंकी एवं एसडीओपी खुरई के मार्गदर्शन में अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खुरई के पठार क्षेत्र में दबिश दी। यहां से सुतली बम, बुलेट बम, चकरी, रॉकेट, अनार और लड़ी सहित विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी अभिषेक यादव (28), निवासी चंद्रशेखर आजाद वार्ड, पठार खुरई के विरुद्ध थाना खुरई शहर में अपराध क्रमांक 322/26 के तहत विस्फोटक अधिनियम की धारा 5(9) एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी, उपनिरीक्षक अशोक उपाध्याय तथा आरक्षक देवेंद्र यादव, धीरेंद्र सिंह राजावत, प्रीतम शाक्य, आशीष दुबे एवं भानू गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नरयावली में 2.30 करोड़ की लागत से बनेगा 50 सीटर नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्या छात्रावास

सागर। नरयावली विधानसभा क्षेत्र में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए उच्च शिक्षा की राह सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। विधायक लारिया के सतत प्रयासों से विधान सभा मुख्यालय नरयावली में 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से 50 सीटर नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्या छात्रावास की स्वीकृति प्राप्त हुई है। नरयावली जैसे कस्बाई क्षेत्र में इस छात्रावास की स्वीकृति महज एक भवन निर्माण नहीं, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं की शिक्षा को निरंतरता देने की महत्वपूर्ण पहल है। सांदीपनि विद्यालय एवं महाविद्यालय नरयावली में अध्ययनरत विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों की छात्राओं को इससे आवासीय सुविधा मिलेगी। आवागमन की दूरी और रहने की व्यवस्था के अभाव में पढ़ाई प्रभावित होने की समस्या से उन्हें राहत मिलेगी। 50 छात्राओं की क्षमता वाला यह छात्रावास आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप आवासीय सुविधाओं से युक्त होगा। इसमें छात्राओं के निवास, अध्ययन, भोजन एवं दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इससे उन्हें सुरक्षित और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा।विधायक इंजी. प्रदीप लारिया द्वारा क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के क्रम में मिली यह स्वीकृति नरयावली के शैक्षणिक विकास को नया आयाम देगी।





खातेगांव थाना प्रभारी की हत्या के विरोध में शहर कांग्रेस ने बनाई मानव श्रृंखला

सागर। खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर की गई हत्या के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को गौर मूर्ति, तीनबत्ती चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत पुलिस अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में आयोजित हुआ।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में हाथ डालकर मानव श्रृंखला बनाई और माफिया राज के खिलाफ नारेबाजी की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी की हत्या प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में शराब, खनन और भू-माफिया बेखौफ हैं। कांग्रेस ने हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों और उनके संरक्षकों पर सख्त कार्रवाई, दिवंगत अधिकारी के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि प्रदेश में माफियाओं के हौसले बढ़ रहे हैं और ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक आवाज उठाती रहेगी। इस अवसर पर रमाकांत यादव, रामकुमार पचौरी, शरद पुरोहित, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, कटारे, आनंद हेला, अक्षत कोठारी, सुरेंद्र सुहाने, लीलाधर सूर्यवंशी, हीरालाल चौधरी, गंगाराम अहिरवार, रजिया खान, रेखा सोनी, ज्योति मलैया, मीना पटेल, पवन पटेल, दीनदयाल तिवारी, प्रभात भंडारी, आफताब कुरैशी, फिरदौस कुरैशी, जयदीप तिवारी, साजिद राईन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण : अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

भारतीय जनता पार्टी के 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत खुरई के आर .एम.एल. महाविद्यालय में युवा एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन विरोध शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से होना चाहिए। चुनावी पराजय के बाद निर्वाचन आयोग, ईवीएम और मतदाता सूची पर सवाल उठाकर अराजकता का माहौल बनाना लोकतांत्रिक संस्थाओं के सम्मान के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कोई नई प्रक्रिया नहीं है। वर्ष 1952 से अब तक आठ बार मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण हो चुका है। इसका उद्देश्य मृत व्यक्तियों, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं और दोहरी प्रविष्टियों को हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाना है। पात्र नागरिकों के नाम सूची में शामिल हों, इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को सहयोग करना चाहिए।

अविराज सिंह ने कहा कि राजनीतिक विरोध के नाम पर बंद,



चक्का जाम और हड़ताल से सबसे अधिक नुकसान गरीब मजदूरों और रोज कमाकर परिवार चलाने वाले लोगों को होता है। संसद में भी जनहित के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप के बजाय तथ्यों और संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से सोशल मीडिया पर प्रसारित सूचनाओं की सत्यता जांचने तथा संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की स्थिरता निर्वाचन आयोग, न्याय पालिका, संसद और अन्य संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता पर निर्भर करती है। राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक अधिकारों और देश की एकता से जुड़े विषयों पर भी सभी को जिम्मेदारी से अपनी बात रखनी चाहिए।

अन्य कार्यक्रमों में भी हुए शामिल

युवा नेता अविराज सिंह ने खुरई पॉलिटेक्निक कॉलेज में 2.42 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नवीन बाउंड्रीवॉल का भूमिपूजन किया। इसके बाद ग्राम बड़राहो (टपरा), पथरिया चिंताई में इमलिया दुगाहा से बड़राहो तक सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान खुरई मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविंद्र राज पूत, पॉलिटेक्निक कॉलेज प्राचार्य विजय चौहान, नपा अध्यक्ष नान्नी बाई अहिरवार, रश्मि सोनी, मोना सिंघाई उपस्थित रहे।

विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य के नाम 5 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौपा

स्नातक प्रथम वर्ष का रिजल्ट घोषित नहीं, स्टूडेन्ट धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

शासकीय नेहरू महाविद्यालय में अध्यनरत स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं का रिजल्ट परीक्षा के 8 माह बाद भी घोषित न किये जाने से नाराज महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने मुख्य गेट के पर धरना देकर जमकर नारेबाजी कर इस गंभीर अव्यवस्था के विरूद्ध अपना आक्रोश जाहिर किया। बाद में विद्यार्थियों ने अभविप के लेटरपेड पर महाविद्यालयीन प्राचार्य के नाम प्रेषित 5 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम देवरी को सौपकर व्यस्था सुधार की मांग की।

दरअसल देवरी के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी की कक्षा बीए, बीएससी एवं बीकाम प्रथम वर्ष के 1 हजार से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। महाराजा छत्रसाल युनिवर्सिटी से संबद्ध इस महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विगत 8 माह पूर्व दी गई वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज दिनांक तक घोषित नही हुआ है। विश्वविद्यालय की इस लेटलतीफी एवं गंभीर अव्यवस्था से विद्यार्थी बेहद नाराज है। इसी के चलते लंबे इंतजार और आश्वासनों से परेशान विद्यार्थियों का सब्र जबाब दे गया और उन्होने महाविद्यालय के मुख्य द्वार बंद कर दिया एवं धरना देकर जमकर नारेबाजी कर अपने आक्रोश को जाहिर किया। महाविद्यालय द्वारा



मामले को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन से बात की गई एवं 1 सप्ताह में रिजल्ट घोषित किये जाने का आश्वासन दिया है जिसके बाद प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया।

एसडीएम को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौपा

प्रदर्शन की जानकारी मिलने बाद पहुँचे एसडीएम देवरी मुनव्वर खान एवं पुलिस प्रशासन सहित महाविद्यालय प्राचार्य ने प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं से बात की एवं स्थिति से अवगत कराते हुए आंदोलन समाप्त करने की समझाइश दी। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अगुवाई में एसडीएम देवरी को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम अब तक घोषित नहीं किए गए हैं। इससे विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है जिसे शीघ्र घोषित किया जाए। ज्ञापन में मांग की गई कि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में माध्यम त्रुटिवश अंग्रेजी अंकित किया गया है जिसमें सुधार कर उसे हिन्दी अंकित किया जाए। साथ ज्ञापन में महाविद्यालय के बाइक स्टैंड के समीप छात्राओं की सुविधा के लिए शौचालय एवं बाथरूम निर्माण सहित महाविद्यालय परिसर में बंद पड़ी अटेंडेंस मशीनों को तत्काल चालू कराने एवं महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए निर्मित छात्रावास भवन की मरम्मत कर उसे आरंभ किये जाने की मांग की गई। जिसके संबंध में अधिकारियों द्वारा शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया।

इनका कहना है...

इस संबंध में एसडीएम मुनव्वर खान का कहना है कि उनके द्वारा विद्यार्थियों से बात कर उनकी समस्याये सुनी गई है, रिजल्ट के संबंध में कलेक्टर महोदय के माध्यम से विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय से बात कर निराकरण कराया जाएगा, साथ ही निर्माण एवं छात्रावास मरम्मत संबंधी कार्रवाई भी शीघ्र पूर्ण कराई जाएगी। इस संबंध में महाविद्यालय प्राचार्य ओपी दुबे का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा बीए, बीएससी एवं बीकाम प्रथम वर्ष सहित अन्य कक्षाओं के शेष परीक्षा परिणाम संभवतः इसी सप्ताह घोषित किये जाने का आश्वासन दिया गया है। उन्होने बताया कि छात्रों की साफ-सफाई एवं निर्माण संबंधी मांगों पर पूर्व में ही कार्रवाई की जा चुकी है खेल मैदान की साफ सफाई, सीनेटरी मशीन लगाये जाने की मांग पूर्ण की गई है, अन्य मांगों के संबंध में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

समाज को बांटने वाली ताकतों के मंसूबे सफल नहीं होने देंगे : श्याम तिवारी

सागर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक धर्मश्री स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी मुख्य अतिथि तथा मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुकर जाटव अध्यक्षता में उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और नवनियुक्त पदाधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि संगठन की मजबूती समाज के प्रत्येक वर्ग के विश्वास और कार्यकर्ताओं के समर्पण से तय होती है। कार्यकर्ता समाज के बीच पहुंचकर जागरूकता, एकता और विश्वास का वातावरण बनाएं, ताकि समाज को बांटने वाली ताकतों के मंसूबे सफल न हों। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा संगठन और समाज के बीच मजबूत सेतु बनकर कार्य करे तथा लोगों की समस्याओं के समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए।मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुकर जाटव ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना संगठन की प्राथमिकता है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता बस्तियों और मोहल्लों में सक्रिय रहें। उन्होंने संत रविदास मंदिर एवं संत रविदास लोक निर्माण को समाज के लिए गौरव का विषय बताते हुए संगठन को मंडल और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया।बैठक का संचालन जिला महामंत्री अंकित सनकत ने किया तथा आभार नरेंद्र डब्बू अठ्या ने माना। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कुछ घंटों में ही उतर गई हेकड़ी, जेसीबी चलाकर छुड़ाई करोड़ों की सरकारी जमीन

एसडीएम को हम चलाते हैं का रौब दिखाने वाले पर चला कलेक्टर का चाबुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

एसडीएम को तो हम चलाते हैं... यह कहकर जताया थाने में पुलिस के सामने रौब झाड़ने वाले युवक की हेकड़ी कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने क़ानून की ताकत दिखाकर चंद घंटों में ही निकाल दी। खुद को वकील बताकर कानून और प्रशासनिक अधिकारियों पर रसूख दिखाने वाले फर्जी बकील युवक के कब्जे से करोड़ों रुपये कीमत की करीब 11 हेक्टेयर बेशकीमती सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त करा ली गई। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के सख्त निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बाजीतपुरा में जेसीबी और कटर मशीन के साथ पहुंचकर अवैध कब्जे के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की कि इलाके में हड़कंप मच गया।





फर्जी वृक्षारोपण की आड़ में बढ़ता जा रहा था कब्जा

दरअसल, जतारा में मुख्य सड़क से लगी करोड़ों रुपये कीमत की लगभग 11 हेक्टेयर बेशकीमती शासकीय भूमि पर पिछले कुछ महीनों से अतिक्रमण का मामला सुर्खियों में था। ग्राम बाजीतपुरा के एक युवक द्वारा उक्त जमीन पर कथित रूप से फर्जी वृक्षारोपण की आड़ लेकर जाली लगाई गई थी और धीरे-धीरे सरकारी जमीन पर कब्जे का दायरा बढ़ाया जा रहा था। इस अतिक्रमण के चलते आसपास के किसानों के आवागमन के रास्ते भी प्रभावित हो रहे थे। ग्रामीणों ने इस संबंध में शिकायतें कीं, लेकिन कब्जे का दायरा बढ़ता रहा। सरकारी जमीन पर इस तरह कब्जा किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी थी।

फर्जी वकील बनकर झाड़ा एसडीएम को भी चलाने का रौब

मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया, जब जमीन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई। सूचना पर जतारा थाना प्रभारी रवि कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाइश दी। पुलिस की समझाइश के बाद मामला प्रशासनिक स्तर पर पहुंचने की बात कही गई। इसी दौरान कब्जे का आरोप झेल रहा युवक खुद को वकील बताते हुए थाने पहुंच गया। यहां उसने पुलिस के सामने अपना रसूख दिखाने की कोशिश की।

बताया जाता है कि जब थाना प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने युवक को समझाया कि जमीन से संबंधित मामला एसडीएम के समक्ष रखा जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई होगी, तो युवक ने कथित तौर पर पुलिस के सामने ही कह दिया कि एसडीएम को भी तो हम ही चलाते हैं। युवक ने अपनी इस कथित दबंगई का वीडियो भी स्वयं रिकॉर्ड किया। थाने में बैठकर प्रशासनिक अधिकारी को अपने इशारे पर चलाने का दावा करने वाले युवक की यह हरकत चर्चा का विषय बन गई। मामला मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया।

कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश देकर उतारी हेकड़ी

मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम नीरज खरे के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग का अमला कार्रवाई के लिए मैदान में उतर गया। प्रशासनिक टीम ने ग्राम बाजीतपुरा स्थित खसरा नंबर 111/1/1 की शासकीय भूमि पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान तहसीलदार निशांत चौरसिया, जतारा थाना प्रभारी रवि कुमार गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सरमन कुशवाहा, पटवारी बसंत सहित राजस्व अमला और पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन ने जेसीबी और कटर मशीनों की मदद से सरकारी जमीन पर लगाई गई अवैध जाली को हटवाया और कब्जे के दायरे में किए गए अतिक्रमण को हटाकर करीब 11 हेक्टेयर शासकीय भूमि को मुक्त कराया।

एसडीएम की दो टूक, पुनः कब्जा किया तो होगी जेल

कार्रवाई के दौरान एसडीएम नीरज खरे ने स्पष्ट किया कि शासकीय संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण करने या शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो संबंधितों के खिलाफ जेल भेजने तक की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रसूख के दावों पर भारी पड़ा प्रशासन का एक्शन

इस पूरे घटनाक्रम ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। आखिर मुख्य सड़क से लगी करोड़ों रुपये की शासकीय भूमि पर महीनों तक अतिक्रमण कैसे बढ़ता रहा। ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद समय रहते प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो सकी। क्या फर्जी वृक्षारोपण की आड़ में सरकारी जमीन पर कब्जे का खेल चल रहा था। और सबसे बड़ा सवाल यह कि थाने में बैठकर एसडीएम को अपने इशारे पर चलाने का दावा करने वाले युवक को आखिर किसका संरक्षण प्राप्त होने का भरोसा था। फिलहाल प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त हो गई है और किसानों ने राहत की सांस ली है। इस कार्रवाई ने उन लोगों को भी कड़ा संदेश दिया है, जो सरकारी संपत्तियों पर कब्जा कर प्रशासनिक अधिकारियों को अपने रसूख का दबदबा दिखाने की कोशिश करते हैं।

भाई ने जताई हत्या की आशंका

दुकान में फंदे पर लटका मिला चौकीदार का शव, जांच शुरू

टीकमगढ़। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सोलंकी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार सुबह एक दुकान में युवक का शव फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान चित्रांश कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र यादव के रूप में हुई है। वह पिछले करीब दो वर्षों से दुकान पर रात में चौकीदारी का काम करता था। युवक का शव दुकान के अंदर करीब पांच फीट की ऊंचाई पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र यादव सोमवार रात घर से खाना खाने के बाद दुकान पर चौकीदारी करने के लिए निकला था। मंगलवार सुबह दुकान में उसका शव फंदे पर लटका होने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई प्रवेश यादव ने बताया कि धर्मेंद्र का किसी से कोई विवाद नहीं था। रात में दुकान पर क्या हुआ, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने



घटना को संदिग्ध बताते हुए भाई की मौत के पीछे हत्या की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

रेलवे पटरी पर मिला अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा शव

टीकमगढ़। शहर के रेलवे स्टेशन के पास खजुराहो की ओर जाने वाली रेलवे पटरी पर एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना देर रात करीब 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रेलवे पटरी पर शव पड़े होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक का सिर धड़ से अलग मिलने के कारण घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि व्यक्ति की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास कर रही है। साथ ही घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशन के नजदीक हुई इस घटना से क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। मौत हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य वजह, यह फिलहाल जांच का विषय है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही घटना की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।



बछोड़ा में हादसा, बच्ची को स्कूल छोड़ने जा रहा युवक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बछोड़ा के पास मंगलवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और उसके साथ मौजूद एक बच्ची घायल हो गई। हादसा ग्राम मऊ बुजुर्ग और बछोड़ा की पहाड़ी के पास मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में युवक को अधिक चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। डायल 112 के आरक्षक आशीष भट्ट और पायलट जितेंद्र अहिरवार ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 9 बजे ग्राम बछोड़ा निवासी शैलेन्द्र घोष बच्ची को बाइक पर बैठाकर स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम मऊ बुजुर्ग और बछोड़ा की पहाड़ी के पास मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और हादसा हो गया। दुर्घटना में शैलेन्द्र घोष के हाथ और मुंह में चोटें आई हैं, जबकि बच्ची भी घायल हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंचे आरक्षक आशीष भट्ट और पायलट जितेंद्र अहिरवार ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को पुलिस वाहन से जिला अस्पताल टीकमगढ़ पहुंचाया।

डायल 112 ने समय रहते पहुंचाया अस्पताल

पिता की मौत, चालक गिरफ्तार

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पैदल जा रहे पिता-पुत्र को मारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा-लिधौरा मार्ग पर ग्राम बीरऊ में सोमवार रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पैदल जा रहे पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को 112 वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है। दिगौड़ा पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान प्रीतम सिंह ठाकुर निवासी ग्राम बीरऊ के रूप में हुई है। बताया गया है कि सोमवार रात करीब 10 बजे प्रीतम सिंह अपने पुत्र मंगल सिंह ठाकुर के साथ बीरऊ बस स्टैंड से पैदल अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान लिधौरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चालक धर्मेंद्र चढ़ार निवासी लिधौरा ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रीतम सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। वहीं पैदल जा रहे लोगों को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद दिगौड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल प्रीतम सिंह को डायल 112 वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पुत्र मंगल सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर स्कॉर्पियो चालक धर्मेंद्र चढ़ार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने घटनास्थल से ही चालक को पकड़ लिया और दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर थाने में खड़ा कराया है।

कृषि विज्ञान केंद्र में दिया गया बीजामृत, जीवामृत और वर्मी कंपोस्ट बनाने का प्रशिक्षण

रासायनिक खेती का विकल्प बनेगी जैविक खेती, किसानों को सिखाई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र में परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) के अंतर्गत एक दिवसीय स्थानीय संसाधन व्यक्ति (एलआरपी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के उप संचालक मनोज कश्यप के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंडों के एलआरपी को जैविक खेती की तकनीकों और प्रमाणीकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य ऐसे प्रशिक्षित व्यक्तियों की टीम तैयार करना है, जो गांव-गांव पहुंचकर किसानों को जैविक खेती के लिए जागरूक करने के साथ उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन भी दे सके। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. बीएस किरार, डॉ. आरके प्रजापति, एसके जाटव, यूएस धाकड़ एवं एसके सिंह सहित कृषि विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान परंपरागत कृषि विकास योजना के उद्देश्य, दिशा-निर्देश, जैविक खेती की अवधारणा, उसके सिद्धांत और महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने प्रशिक्षणार्थियों को खेतों में जैविक खाद तैयार करने की व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी देते हुए बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, वर्मी कंपोस्ट और कंपोस्ट खाद बनाने की विधियां समझाईं। इसके साथ ही बीज उपचार, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, फसल पोषण प्रबंधन तथा नीमास्त्र और दशपर्णी अर्क के माध्यम से जैविक तरीके से कीट एवं रोग नियंत्रण की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने पीजीएस-इंडिया जैविक प्रमाणीकरण प्रक्रिया, समूह गठन, पीयर अप्रेजल, किसान डायरी, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली (आईसीएस), आंतरिक निरीक्षण, रिकॉर्ड संधारण और डेटा एंट्री की प्रक्रिया समझाई। बताया गया कि जैविक खेती को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए उत्पादन के साथ-साथ प्रमाणन और रिकॉर्ड का संधारण भी महत्वपूर्ण है।



कार्यक्रम में पतंजलि जिला कोऑर्डिनेटर भुवनेश्वर राय, दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के जिला प्रभारी अर्पण चौहान, पतंजलि ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुन्नीलाल यादव, मंगल सिंह, वीरेंद्र यादव एवं राममिलन यादव सहित टीकमगढ़, जतारा, बल्देवगढ़ और पलेरा विकासखंडों के स्थानीय संसाधन व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुन्नीलाल जनसेवक ने किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि जैविक खेती को गांव-गांव तक पहुंचाकर इसे जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा। इसके माध्यम से मिट्टी की उर्वरा शक्ति का संरक्षण, रासायनिक खेती पर निर्भरता में कमी, शुद्ध एवं पौष्टिक अन्न का उत्पादन और किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र और प्रतिभागियों के फीडबैक के साथ हुआ। जैविक खेती को बढ़ावा देने की इस पहल के द्वारा अब स्थानीय संसाधन व्यक्तियों के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक संसाधनों से खाद और कीट नियंत्रण के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

ग्राम दुर्गापुर में किराये के मकान में कर रखा था अवैध भंडारण, 200 बोरी यूरिया जब्त

यूपी से लाई गई खाद के अवैध भंडारण पर कलेक्टर का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में खाद की किल्लत और कालाबाजारी रोकने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा लगातार निरिक्षण और अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रहीं है। इसी क्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने दुर्गापुर गांव में छापेमार कार्रवाई करते हुए किराये के मकान से करीब 200 बोरी यूरिया खाद जब्त की। हैरानी की बात यह है कि खाद का भंडारण किसी अधिकृत खाद विक्रेता के प्रतिष्ठान पर नहीं, बल्कि किराये के मकान के एक कमरे में किया गया था। पूछताछ में भंडारणकर्ता अभिषेक जैन ने स्वीकार किया कि उसके पास खाद विक्रय का लाइसेंस नहीं है और वह उत्तर प्रदेश से खाद मंगाकर यहां रखे हुए था। प्रशासन ने खाद से भरे कमरे को सील कर दिया है।

कमरे को किया सील, कलेक्टर को भेजी जाएगी रिपोर्ट

प्रशासनिक टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर करीब 200 बोरी यूरिया खाद जब्त करने और उसकी सुपुर्दगी की कार्रवाई की। इसके बाद जिस कमरे में खाद का अवैध भंडारण किया गया था, उसे सील कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरी कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के परीक्षण के बाद संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह उठता है कि जब जिले में किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं, तब दूसरे राज्य से खाद मंगाकर किराये के मकान में उसका अवैध भंडारण किस उद्देश्य से किया जा रहा था। खाद की यह खेप किसानों को बेचने के लिए लाई गई थी या इसके पीछे कोई बड़ा कारोबार संचालित हो रहा था, इसकी जांच महत्वपूर्ण होगी।



सूचना पर कलेक्टर ने तत्काल दिए कार्रवाई के निर्देश

जानकारी के अनुसार जिले में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को लगातार निरीक्षण और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी बीच दुर्गापुर गांव में अवैध रूप से यूरिया खाद का भंडारण किए जाने की सूचना प्रशासन को मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को नायब तहसीलदार विष्णु कुमार सोनी, कृषि विस्तार अधिकारी आशीष गुप्ता और कैलाश प्रसाद अहिरवार की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रामपत लोधी के मकान की जांच की। इस दौरान मकान मालिक की पत्नी ने अधिकारियों को बताया कि मकान मवई निवासी अभिषेक जैन को किराये पर दिया गया है और खाद का भंडारण भी उसी के द्वारा किया गया है। इसके बाद अधिकारियों ने मकान का ताला खुलवाकर कमरे की तलाशी ली तो अंदर यूरिया खाद की बड़ी खेप रखी मिली। गिनती करने पर करीब 200 बोरी यूरिया खाद का स्टॉक सामने आया।

यूपी से आई खाद, एनपी में बिक्री पर भी सवाल

पूछताछ के दौरान अभिषेक जैन ने अधिकारियों को बताया कि उसके पास खाद विक्रय का लाइसेंस नहीं है। उसने उत्तर प्रदेश से खाद मंगवाई थी। प्रारंभिक जांच में मौके से कृभको और चंबल फर्टिलाइजर्स की यूरिया खाद की बोरियां मिलीं। उप संचालक कृषि के अनुसार, जब्त की गई दोनों कंपनियों के ये उत्पाद मध्यप्रदेश में विक्रय के लिए नहीं हैं। ऐसे में दूसरे राज्य से खाद मंगाकर जिले में उसका भंडारण किए जाने का मामला जांच के दायरे में आ गया है। जानकारी के मुताबिक खाद को पिकअप वाहन के माध्यम से बाहर से लाकर किराये के मकान में रखवाया गया था। हालांकि खाद किस उद्देश्य से मंगाई गई थी और इसे आगे कहां खपाने की तैयारी थी, इसकी विस्तृत जानकारी जांच के बाद ही सामने आएगी।

बयान के विरोध में पलेरा में पुतला किया दहन

पलेरा। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति कथित टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को पलेरा में विभिन्न समाजों के लोगों ने प्रदर्शन कर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पुतला दहन किया। थाना तिराहे पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने टीकमगढ़ कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान यादव समाज यदुवंशी संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण करोड़ों लोगों की आस्था और श्रद्धा के केंद्र हैं। उनके प्रति किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करती है। ऐसी टिप्पणियां किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान विभिन्न समाजों के लोग एकजुट होकर



विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि धार्मिक आस्थाओं और भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए तथा किसी भी व्यक्ति को ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, जिससे सामाजिक और धार्मिक सौहार्द प्रभावित हो। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रदर्शन में यादव समाज यदुवंशी संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव, हरिशंकर अहिरवार, रहीश अहिरवार, सुरेंद्र अहिरवार, अनिल साहू, चंद्रपाल सेन, विशाल यादव, जगदीश यादव सहित विभिन्न समाजों के अनेक लोग मौजूद रहे।

कोतवाली के सामने सड़क पर टेंट लगाकर कांग्रेसियों ने दिया धरना

भाजपा के पूर्व विधायक की इंदिरा गांधी पर विवादित टिप्पणी से हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर के पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी को लेकर की गई विवादित टिप्पणी पर हंगामा व्याप्त हो गया। मंगलवार को कांग्रेस ने पूर्व विधायक पर एफआईआर करने को लेकर कोतवाली के सामने सड़क पर टेंट लगाकर धरना दे दिया। धरने को खत्म कराने आए एसडीओपी आनंद कुमार राय के साथ कांग्रेसियों का खूब मुंहवाद हुआ पर कांग्रेसी पूर्व विधायक पर एफआईआर किए बिना धरना हटाने को तैयार नहीं हुए। उधर पुलिस इस मामले में पूर्व विधायक पर किसी तरह की कार्रवाई करती नजर आ रही है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी एवं विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए मंगलवार को कोतवाली थाने पहुंचे और भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी पर की गई विवादित टिप्पणी पर एफआईआर की मांग करने लगे। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर करने के बजाय लिखित आवेदन देने और जांच कर एफआईआर दर्ज करने की बात कहकर टरकाने का प्रयास किया लेकिन कांग्रेसियों ने नारेबाजी शुरू कर दी और फिर सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगे। थोड़ी ही देर में सड़क पर टेंट लगाकर धरना व्यापक रूप से शुरू कर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने भाषण देते हुए पुलिस पर भेदभाव करने तथा भाजपा नेताओं को अपराध करने के बाद भी संरक्षण देने एवं कांग्रेस नेताओं कार्यकर्त्ताओ पर फर्जी एफआईआर दर्ज करने के आरोप लगाए। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, कांग्रेस जिला संगठक महामंत्री संजीव कुशवाह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रितेश सिंह तोमर, महिला कांग्रेस नेत्री लक्ष्मी शिवहरे, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्णा राठौर, कैलाश गर्ग, पार्षद सुमेर सिंह सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस नेता कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।





भाजपा ने भी विधायक पर एफआईआर दर्ज कराने सौंपा ज्ञापन

पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई विवादित टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान विधायक बाबू जंडेल ने भी अब मर्यादित भाषा का उपयोग करते हुए भाजपा की महिला नेत्रियों पर ऐसी अभद्र टिप्पणी कर दी थी इससे शुब्ध होकर भाजपा नेता कार्यकर्ताओं ने महिला मोर्चा के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी मोतिउर रहमान को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस विधायक जंडेल पर महिलाओं का अपमान करने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष शशांक भूषण का कहना है कि जिसके जैसे संस्कार होते हैं उसकी भाषा शैली में वैसा ही व्यवहार प्रदर्शित होता है। विधायक की मानसिकता महिलाओं को लेकर जिस तरह की है वह विचार उनकी भाषा शैली से प्रकट हो रहे हैं।

क्या है कांग्रेसियों की नाराजगी का कारण

दरअसल सोमवार को भाजपा ने जिला मुख्यालय सहित विजयपुर मुख्यालय पर भी लोकतंत्र बचाओ अराजकता मिटाओ रैली निकाली। इस रैली के दौरान विजयपुर में हुई आमसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा ने भाषण देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी करते हुए बोला कि उन्होंने देश के साथ ऐसा कलंकित करने वाला इतिहास जोड़ दिया है जो लोकतंत्र के इतिहास में काला धब्बा है। आपातकाल में निर्दोष लोगों को और सच बात बोलने वाले नेताओं को जेल में बिना सुनवाई के बंद किया गया। इस अत्याचार से लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला और कोई दूसरा कृत हो ही नहीं सकता है। पूर्व विधायक मेवरा के बयानों में जिस तरह इंदिरा गांधी के नाम के साथ अमर्यादित भाषा का उपयोग किया गया उसे कांग्रेस नेताओं ने मुद्दा बनाकर भाजपा को घेरने की योजना बना ली है। जिसके तहत जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कोतवाली थाने का घेराव कर सड़क पर धरना दिया गया।

436 रुपये का बीमा पर मिला 2 लाख का चेक

पीएम जीवन ज्योति बनी सहारा आदिवासी परिवार को मिले 2 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक गरीब आदिवासी परिवार के लिए बड़ा सहारा बनकर सामने आई है। योजना के तहत बीमित महिला की मृत्यु के बाद उसके परिवार को 2 लाख रुपये की सहायता राशि मिली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुर निवासी रामदुलारी बाई आदिवासी (47) का भारतीय स्टेट बैंक की शिवपुरी रोड शाखा, श्योपुर में बचत खाता था। उन्होंने अपने खाते से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम देकर बीमा करा रखा था। लगभग एक वर्ष पूर्व बीमारी के कारण रामदुलारी बाई का निधन हो गया था। मृतका के पति रामलखन आदिवासी (49) द्वारा बीमा क्लेम प्रस्तुत करने पर बैंक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीमा प्रक्रिया पूरी की। मंगलवार को एसबीआई शिवपुरी रोड शाखा में आयोजित एक कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक मनोहर सिंह चंद्रावत, जिला अग्रणी प्रबंधक दिनेश चंद्र जाटव एवं क्षेत्राधिकारी रविंद्र मीना द्वारा मृतका के पुत्र / पति को 2 लाख रुपये की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। बीमा राशि मिलने पर रामलखन आदिवासी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बैंक प्रबंधन और सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस राशि से परिवार को बड़ी आर्थिक मदद मिली है। शाखा प्रबंधक चंद्रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष तक का कोई भी बचत खाताधारक मात्र 436 रुपये सालाना में 2 लाख रुपये तक का जीवन बीमा कवर प्राप्त कर सकता है। यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।



श्योपुर के गौरव कैलाश पाराशर 'चंबल रत्न' से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश के 71 वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्योपुर जिले के लिए गर्व का क्षण आया है। जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद एवं इतिहासकार कैलाश पाराशर को ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रतिष्ठित 'चंबल रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पाराशर को शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, इतिहास-लेखन और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया है। कैलाश पाराशर ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में कई पीढ़ियों को गढ़ा है, बल्कि श्योपुर-चंबल अंचल के लुप्त होते इतिहास और संस्कृति को अपनी कलम और श्रम से सहेजने का काम किया है। समाजसेवा में भी वे हमेशा अग्रणी भूमिका में रहते हैं। उन्हें यह सम्मान प्रखर समाज सेवी और उनके साथी पीव्ही राजगोपालन (राजू भाई) की उपस्थिति में दिया गया।



श्योपुर में बढ़ रहा फ्लोरीकल्चर का रकबा 90 हेक्टयर में हो रही फूलों की खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में फ्लोरीकल्चर का रकबा बढ़ रहा है, उद्यानिकी विभाग द्वारा बागवानी के लिए किसानों को प्रेरित करने के साथ ही उन्हें तकनीकी ज्ञान और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके चलते श्योपुर जिले में फूलो की खेती का रकबा 90 हेक्टयर तक पहुंच गया है, जिसमें किसानों के द्वारा गेंदा, गुलाब, गिलवाडिया और बेजी के फूलों की खेती की जा रही है।

विजयपुर क्षेत्र के कृषक महेश कुशवाह द्वारा ग्राम बुद्ध का पुरा में लगभग ढाई बीघा भूमि में गेंदा की खेती की जा रही है और फूलो का उत्पादन भी भरपूर हो रहा है, फूलो की खेती के माध्यम से उन्हें रोज आमदनी प्राप्त हो रही है। कुशवाह बताते है कि स्थानीय बाजार में फूलो की मांग के चलते प्रतिदिन फूलो का विक्रय हो रहा है, वर्तमान में त्यौहारी सीजन होने से दाम भी अच्छे मिल रहे है। इसी प्रकार खिरनी ग्राम के हरिओम द्वारा भी गेंदा के फूलो की खेती की जा रही है, जिससे उन्हें लाभ मिल रहा है। हरिओम का कहना है कि उनके पास कम जमीन होने से पराम्परागत फसलों के उत्पादन से उतनी आय अर्जित नही होती है, जितनी आय फूलो की खेती से हो रही है। उद्यानिकी विस्तार अधिकारी एसएस प्रजापति ने बताया कि कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जिले में उद्यानिकी और फ्लोरीकल्चर का रकबा बढाने के लिए दिये गये निर्देशो के क्रम में किसानों को फूलो की खेती से जोडा जा रहा है। गेंदा, गुलाब और गिलवाडिया तथा बेजी के फूलों के उत्पादन के लिए श्योपुर जिले का मौसम अनुकूल है तथा इसका उत्पादन भी अधिक होता है। बाजार में अच्छी मांग के चलते किसानों को फूलो की खेती से लाभ हो रहा है।



नवांकुर संस्था मातृ छाया संस्थान की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नवांकुर संस्था मातृ छाया संस्थान की बैठक मंगलवार को ग्राम वर्धा बुजुर्ग में आयोजित की गई। जिसमें प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

बैठक में पोषण जोड़ो - पुड़िया छोड़ो विषय को लेकर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होने कहा कि ग्राम का समुचित विकास ग्राम की विषयों पर ध्यान देने से होता हे वर्तमान में नशा एक सामाजिक प्रवृति बनता जा रहा हे हमें अपने आस पास समाज में इन विषयों को समझाना चाहिए एवं कुपोषण की समस्या को किस प्रकार समाज से हटाया जाए इसके समुचित प्रयास करे अपने आस पास पोषण संबंधी हरि सब्जियां अपने आस पास लगा सकते हे इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक शाइन परवीन, संस्था सचिव भास्कराचार्य टकसाली, समिति से धीरज मीणा, केदार, राजू गुर्जर, धापा बाई, सरोज सुमन, बहादुर आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने अफसरों के साथ आसीदा पहुंचकर की जनसुनवाई

कई समस्याओं का मौके पर ही कराया निराकरण, बैरवा बस्ती में आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने इस मंगलवार को अफसरों और मैदानी प्रशासनिक अमले के साथ ग्राम आसीदा में पहुंचकर जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याए सुनते हुए पोर्टल त्रुटि, ईकेवायसी की समस्या सहित अन्य कई समस्याओ का मौके पर निराकरण करवाया। वहीं गांव की बैरवा बस्ती में नई आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने की मांग पर सीईओ जनपद को निर्देश दिये कि पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त कर महिला बाल विकास विभाग को उपलब्ध कराया जायें तथा कलेक्टर के माध्यम से उक्त प्रस्ताव को महिला बाल विकास विभाग संचालनालय भोपाल स्वीकृति के लिए भेजा जाए।

जनपद श्योपुर के ग्राम आसीदा स्थित ग्राम पंचायत भवन परिसर में में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने जहां तम्बाकूयुक्त उत्पादों के दुर्व्यसनों से दूर रहने तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक मुद्दो पर चर्चा की, वहीं पराली न जलाने की किसानों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि अन्नापूर्णा धरती मॉ हमें अन्न प्रदान करती है, इसलिए कोई भी किसानबंधु धान के अवशेष पराली को जलाकर नुकसान न पहुंचायें, यह न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से उचित है, बल्कि पराली जलाने से तापमान बढने के कारण मिट्टी में मौजूद मित्र कीट जीवाणु जलकर नष्ट हो जाते है और भूमि की उपजाऊ क्षमता कम होती चली जाती है, इसलिए पराली का उचित प्रबंधन करें। कलेक्टर ने माखनाखेडली निवासी आवेदक हनुमान केवट की समग्र पोर्टल से संबंधित समस्या का मौके पर ही निदान किया गया। जिससे अब संबल योजना के तहत दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्राप्त होगी। वहीं पुष्पा बाई को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सुनिश्चिता करने के लिए ई-केवायसी संबंधी समस्या का निदान करने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने पहलवान मीणा की नल कनेक्शन न मिलने की समस्या दूर करवाते हुए बस्ती में नाला निर्माण तथा कुबेर जी महाराज मंदिर पर अटल सरोवर निर्माण के संबंध में वीबी जीरामजी योजना सहित अन्य योजनाओं में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश परियोजना अधिकारी विक्रम जाट को दिये गये। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम गगन सिंह मीना, सरपंच प्रसन्न मीणा, सीईओ जनपद अभिषेक त्रिवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा आसीदा सहित आसपास के ग्रामों के ग्रामीणजन मौजूद थे।

दो मिल्क डेयरी व एक मिठाई दुकान से लिए सैंपल

श्योपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आमजन को मानक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से खाद्य पदार्थों की जांच एवं सैम्पल लेने की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि श्योपुर शहर में मंगलवार को दो दूध डेयरियों सहित एक मिठाई की दुकान से लीगल सैम्पल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अग्रवाल दूध डेयरी खरादी बाजार श्योपुर से मिक्स दूध तथा पनीर के, देवनारायण दूध डेयरी खरादी बाजार से मिश्रित दूध एवं देशी घी तथा बजरंग स्वीट्स रामतलाई मंदिर के पास से मावा पेडा एवं बेसन लड्डू के सैम्पल लेने की कार्यवाही की गई है।



6 गांवों में पराली जागरुकता शिविर आज

श्योपुर। किसानों को पराली तथा फसलों के अन्य अवशेष खेतों में जलाने के कारण भूमि को होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 4 नवंबर को ग्राम ललितपुरा, प्रेमसर, सिलपुरी, रानीपुरा, पराष्ठा एवं जाखेर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा तथा कृषि विस्तार अधिकारी सहित उद्यानिकी, पशुपालन विभाग सहित अन्य मैदानी अमले द्वारा पराली प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।

हॉप्स क्रिकेट एकेडमी भोपाल से जुड़े अंडर 16 के खिलाडियों ने श्योपुर के वीर सावरकर स्टेडियम में बहाया पसीना

श्योपुर में प्रैक्टिस करने पहुंचे भोपाल के युवा खिलाड़ियों ने किया एचटी एग्रो प्रोडयुसर ट्रेनिंग सेंटर का विजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसबीआई बैंक अधिकारी शिक्षा समिति के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से दिए जाने वाले अवसर और उनकी प्रतिभा को ताराशने के लिए चलाई जा रही अकादमिक गतिविधि के तहत भोपाल से श्योपुर पहुंचे अंडर 16 के 13 खिलाड़ियों ने श्योपुर के वीर सावरकर स्टेडियम पर पांच दिनों (29 अक्टूबर से 3 नवम्बर) तक प्रैक्टिस कर न सिर्फ अच्छा अनुभव हासिल किया बल्कि प्रशिक्षक पीयूष चौधरी के सानिध्य में क्रिकेट की बारीकियां भी सीखी। पांच दिवसीय प्रशिक्षण पूरा होने के बाद खिलाड़ियों ने एचडी एग्रो प्रोड्यूसर सोसाइटी के ट्रेनिंग सेंटर का विजिट भी किया जहां सोसाइटी के संचालक एमके अग्रवाल ने युवा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। और खिलाड़ियों के सम्मान में लंच भी दिया गया।

एसबीआई बैंक अधिकारी शिक्षा समिति के माध्यम से संचालित हॉप्स क्रिकेट एकेडमी भोपाल के कोच पीयूष चौधरी ने ट्रेनिंग सेंटर के संचालक एमके अग्रवाल को बताया कि अकादमी में डेढ़ सेकड़ा से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सभी खिलाड़ियों को देश के विभिन्न हिस्सों के वातावरण में खेलने का अनुभव हासिल करने के उद्देश्य से अलग-अलग जगह प्रैक्टिस करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में पांच दिवसीय प्रशिक्षण श्योपुर के वीर सावरकर स्टेडियम पर कराया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अच्छा अनुभव महसूस किया है। यहां के स्टेडियम पर राज्य स्तर पर खेली जाने वाली सुविधाएं मौजूद है यहां का टर्फ विकेट एवं ग्राउंड राज्य स्तर के मानकों को पूरा करता है जिस पर खेलकर खिलाड़ियों को अच्छे अनुभव का एहसास हुआ है। उन्होंने बताया कि जो खिलाड़ी आज श्योपुर में प्रशिक्षण लेकर जा रहे हैं उनमें से कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो राज्य स्तर की टीम में दस्तक देने को तैयार है अगर उन्हें अवसर मिलता है तो वह राज्य और उसके बाद देश का नाम रोशन करने में पीछे नहीं हटेंगे।



भोपाल के इन खिलाड़ियों ने लिया श्योपुर में प्रशिक्षण

भोपाल के जिन युवा क्रिकेट खिलाडियो ने श्योपुर के वीर सावरकर स्टेडियम में पहुंचकर क्रिकेट की बारीकिया सीखी है,उनमें आर्यमन राजपूत, आयुष श्रीवास्तव, ध्रुव लोधी,पार्थ दीक्षित,यश जैन,वंश राज, जुनैद खान,सुबान खान,हरवंश राजपूत,अर्थव द्विवेदी,प्रज्ञांश द्विवेदी,रिषभ इरपाचे, अर्पित सिंह शामिल है।

खिलाड़ियों की पसंद बने श्योपुर के स्टेडियम

श्योपुर जिला जो कभी खेल सुविधा तथा खेल संसाधनों के अभाव से जूझता रहता था आज वहां खेल सुविधाएं इतनी विकसित हो गई है कि प्रदेश के अन्य जिलों के खिलाड़ी श्योपुर में अभ्यास करने पहुंच रहे हैं। इसकी बानगी बीते सप्ताह दो बार तब देखने को मिली जब आदिम जाति कल्याण विभाग के राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता ढेंगदा स्थित स्टेडियम पर आयोजित हुई इस एथलीट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय पैटर्न पर तैयार किए गए खेल ग्राउंड पर खेलने का अवसर मिला। वही स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से विभिन्न राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं वीर सावरकर स्टेडियम पर आयोजित हुई यह प्रतियोगिता भी राज्य स्तर के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की गई थी जो प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ियों से सुसज्जित टीमों के रूप में श्योपुर पहुंचे थे। इसी क्रम में अब भोपाल की होप्स अकादमी से जुड़े खिलाड़ियों ने भी वीर सावरकर पर स्टेडियम पर पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त किया है जब से वीर सावरकर स्टेडियम युवा खेल कल्याण विभाग के सुपुर्द किया गया है तब से उसकी हालत में लगातार सुधार दिखाई पड़ रहा है।

कीचड़ में फंसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों ने बढ़ाई किसानों की मुसीबतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में इन दिनों मक्का की बंपर आवक देखने को मिल रही है, लेकिन जमीनी हकीकत जाने बिना प्रशासन द्वारा बनाई गई नई व्यवस्थाओं ने अन्नदाताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले दिनों अवकाश के चलते रविवार को मंडी में नीलामी नहीं हो पाई थी, जिसके कारण सोमवार सुबह से ही भारी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में मक्का भरकर मंडी पहुंचने लगे। हालात यह हो गए कि नानाखेड़ी मंडी परिसर पूरी तरह भर गया, जिसके चलते अतिरिक्त वाहनों को बीज निगम के खाली मैदान और गोपालपुरा मैदान में खड़ा करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा दशहरा मैदान को आतिशबाजी बाजार के लिए खाली कराने के उद्देश्य से गोपालपुरा मैदान की जगह किसानों को बीज निगम की जमीन पर वाहन लगाने को कहा गया। लेकिन इस जमीन में भारी नमी और कीचड़ होने के कारण मक्का से भरे कई भारी-भरकम ट्रैक्टर-ट्रॉलियां धंस गए। इससे किसानों को अपनी फसल की नीलामी से पहले ही वाहन निकालने के लिए कड़ी मशक्कत और जबरन परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस अव्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी भी देखने को मिली, जिसके बाद कई चालकों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीधे गोपालपुरा मैदान में ही खड़े कर दिए। इन शुरुआती परेशानियों के बीच राहत भरी बात यह रही कि मंडी में मक्का के दाम काफी शानदार मिल रहे हैं। बाजार में मक्का की क्वालिटी के आधार पर 2500 से 2700 रुपए प्रति क्विंटल तक के भाव मिलने से किसानों के चेहरों पर रौनक साफ नजर आई।



खबर संक्षेप

भोपाल एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से लगेगा एक अतिरिक्त स्लीपर कोच

बीना। रेल यात्रियों की सुविधा तथा ट्रेनों में बढ़ते यात्रीभार को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 18236/18235 बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर श्रेणी का कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन नंबर 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस में 4 नवंबर से 25 नवंबर तक तथा ट्रेन नंबर 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस में 6 नवंबर से 27 नवंबर तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इस अतिरिक्त कोच के जुड़ने से उक्त अवधि में यात्रा करने वाले यात्रियों को स्लीपर श्रेणी में अधिक बर्थ उपलब्ध होंगी।

पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने सुनी नगरवासियों की समस्याएं

कोलारस। कोलारस नगर परिषद कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने नगरवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा। जनसुनवाई के दौरान नगरवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों से जुड़ी मांगें पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे के समक्ष रखीं। पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने कहा कि कोलारस नगर का चहुंमुखी विकास और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता की सेवा के लिए हम सदैव तत्पर हैं।

वित्तीय अनियमितताओं, लंबित एरियर व फिक्सेशन फाइलों का मामला पहुंचा कलेक्टर दरबार

जिम्मेदारों पर जल्द गिरेगी गाज सख्त कार्रवाई के मिले संकेत

15 साल से एक ही स्थान पर जमे बाबू की कार्यशैली से शिक्षकों में भारी आक्रोश कार्रवाई की मांग

खरई और लुकवासा संकुल में स्थिति नियंत्रित, पर कन्या संकुल कोलारस में अब भी 36 मामले लंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

कोलारस विकासखंड के शासकीय पीएमश्री एकीकृत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं संकुल केंद्र की वित्तीय कार्यप्रणाली इन दिनों गंभीर चर्चा और सवालों के घेरे में आ गई है। संकुल अंतर्गत आने वाले शिक्षकों के एरियर, क्रमोन्नति, वेतनमान फिक्सेशन और अन्य वित्तीय प्रकरणों को जानबूझकर लटकाए जाने और कथित रूप से मानसिक प्रताड़ना दिए जाने के मामले सामने आए हैं। इस पूरी व्यवस्था में संकुल प्राचार्य विवेक महिंद्रा और पिछले 15 वर्षों से पदस्थ बाबू पुरुषोत्तम तिवारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि, अब इस मामले में शिवपुरी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए त्वरित जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों का आरोप है कि 12 वर्ष की सेवा के बाद मिलने वाले एरियर और वेतन निर्धारण की फाइलें संकुल कार्यालय से ऑनलाइन अपलोड होने के बाद ट्रेजरी भेजी जाती हैं। लेकिन फाइलों में कथित तौर पर तकनीकी और कागजी कमियां जानबूझकर छोड़ दी जाती हैं, जिससे फाइलें बार-बार वापस लौट आती हैं। जानकारी के मुताबिक कोलारस विकासखंड के खरई संकुल में एक भी मामला लंबित नहीं है और लुकवासा संकुल में भी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। 10 मामले लंबित हैं, जिनका शीघ्र निराकरण करने की बात बीईओ रामकृष्ण रघुवंशी द्वारा कही जा रही है। इसके विपरीत कन्या संकुल कोलारस में 57 में से 36 मामले अब भी धूल फांक रहे हैं। दो-दो साल पुरानी क्रमोन्नति और बढ़े हुए वेतनमान का लाभ न मिलने से शिक्षक आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं।

पीएमश्री फंड के दुरुपयोग और मनमानी के गंभीर आरोप

शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना का मूल उद्देश्य विद्यालयों को उत्कृष्ट बनाना था, किंतु कोलारस कन्या संकुल में इस फंड के उपयोग में भी पारदर्शिता का अभाव देखा जा रहा है। विद्यालय के विकास और मूल जरूरतों पर राशि खर्च करने के बजाय कागजी आयोजनों और बाहरी दिखावे पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, कन्या संकुल कार्यालय कोलारस में फाइलों के निराकरण और हस्ताक्षर के एवज में अवैध वसूली व सुविधा शुल्क की मांग किए जाने की चर्चाओं ने शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल कर दिया है। जो शिक्षक इस मनमानी के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन्हें सेवा संबंधी अन्य मामलों में उलझाने का भय दिखाया जाता है। शासन की स्थानांतरण नीति के नियमों के इतर एक ही स्थान पर डेढ़ दशक से जमे बाबू पुरुषोत्तम तिवारी पर प्रशासनिक अंकुश न होना भी विभागीय कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा रहा है।

इनका कहना है...



आपके द्वारा मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है। शीघ्र ही जांच करा लेता हूं। यदि 15 साल से एक ही स्थान पर पदस्थ बाबू द्वारा शिक्षकों को इस प्रकार परेशान किया जा रहा है, तो उसे तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही, सभी शेष शिक्षकों के एरियर संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

अर्पित वर्मा, कलेक्टर शिवपुरी

जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार एरियर संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण के प्रयास किए जा रहे हैं। खरई और लुकवासा संकुल में स्थिति सामान्य है, किंतु कन्या संकुल कोलारस के शेष 36 लंबित मामलों का भी जल्द ही निराकरण करा रहे हैं।

रामकृष्ण रघुवंशी, बीईओ कोलारस

बीना-गुलाबगंज रेलखंड में स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली शुरू

रेल परिचालन की निगरानी को बेहतर बनाने मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं प्रभावी बनाने की दिशा में पश्चिम मध्य रेल भोपाल मंडल द्वारा बीना-भोपाल रेलखंड पर स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में बीना से गुलाबगंज स्टेशनों के मध्य यह कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अंतर्गत गंजबासौदा-पबई-गुलाबगंज रेलखंड पर 3 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली चालू कर दी गई।

भोपाल मंडलजनसंपर्क अधिकारी बीना से भोपाल के बीच कुल 138 किलोमीटर लंबे रेलखंड में से बीना-गुलाबगंज के बीच 64 किलोमीटर रेलखंड पर यह कार्य पूरा हो चुका है। शेष गुलाबगंज-भोपाल के 74 किलोमीटर रेलखंड में कार्य प्रगति पर है, जिसे मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

गंजबासौदा-पबई-गुलाबगंज रेलखंड पर कुल 18.24 रूट किलोमीटर (दोहरी लाइन में 36.48 किलोमीटर) पर आधुनिक सिग्नलिंग व्यवस्था स्थापित की गई है। इसमें 44 ऑटो सिग्नल एवं 204 डिटेक्शन पॉइंट स्थापित किए गए हैं। इस कार्य की प्रमुख विशेषताओं में डायरेक्ट ड्राइव एलओएम 110, ब्लॉक सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग के लिए रिले कैबिनेट, सिमेंस एमके-कक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की निगरानी तथा स्टेशन मास्टर कक्ष में शऊव के माध्यम से ऑटो सिग्नलिंग की जानकारी प्रदर्शित करने की व्यवस्था शामिल है। इसके अतिरिक्त 24 फाइबर ऑप्टिक



(ओएफसी) रिंग पथ, एसीएम-200 ड्यूल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) तथा पूरे रेलखंड में 448 फाइबर ओएफसी केबल बिछाई गई है।

स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली से ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखने, रेल परिचालन की निगरानी को बेहतर बनाने तथा उपलब्ध रेल लाइन क्षमता का अधिक कुशल उपयोग करने में सहायता मिलेगी। इससे भोपाल-बीना रेलखंड पर आधुनिक सिग्नलिंग तकनीक के विस्तार के साथ रेल परिचालन की संरक्षा एवं दक्षता को और मजबूती मिलेगी। यह कार्य मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, कोटा सचिन शुक्ला की देखरेख में पूरा किया गया। कार्य के दौरान उप संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, भोपाल विवेक अग्रवाल, उप संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर-कक, भोपाल उत्कर्ष अग्रवाल तथा कार्य निष्पादन के लिए नियुक्त कंपनी के हेड प्रीतू पाठक उपस्थित रहे।

280 ग्राम स्मैक के मामले में करीब एक साल बाद नीलेश दोषमुक्त

गांव लौटने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से किया जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के करैरा तहसील अंतर्गत सिरसौद गांव में 280 ग्राम स्मैक की कथित बरामदगी के मामले में करीब एक साल तक जेल में रहने के बाद नीलेश लोधी को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया। सोमवार को न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया। न्यायालय के इस निर्णय के बाद नीलेश के परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार, अमोलपठा चौकी पुलिस ने 14 नवंबर 2025 को नीलेश लोधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 280 ग्राम स्मैक बरामद करना दर्शाया था। पुलिस ने जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 56 लाख रुपए बताई थी। इसके बाद नीलेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। यह मामला उस समय भी सुर्खियों में आया था, जब ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे झूठा प्रकरण बताया था। विरोध में ग्रामीणों ने पुलिस का घेराव भी किया था और नीलेश को निर्दोष बताते हुए कार्रवाई का विरोध जताया था।

करीब एक साल तक न्यायालय में चले मामले के बाद सोमवार को नीलेश को दोषमुक्त कर दिया गया। बताया गया है कि वह लगभग एक साल, करीब 12 दिन कम, जेल में रहा। न्यायालय से दोषमुक्त होने के बाद जब नीलेश अपने गांव सिरसौद पहुंचा तो वहां उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। 100 से अधिक ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर उसका स्वागत किया। इसके बाद नीलेश ग्रामीणों के साथ गांव स्थित राम-जानकी मंदिर, काली माता मंदिर और दाऊ बाबा स्थल पर दर्शन करने पहुंचा।

सरपंच ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवालः नीलेश के दोषमुक्त होने के बाद सिरसौद सरपंच अंतरसिंह लोधी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुलिस को अपनी पीठ थपथपाने के लिए निर्दोष लोगों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। गांव में वास्तव में कच्ची शराब और स्मैक का अवैध कारोबार करने वाले लोग मौजूद हैं, लेकिन उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। सरपंच का कहना है कि अवैध शराब और स्मैक के कारोबार को लेकर ग्रामीण पहले भी आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद वास्तविक कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं हो सकी। पुलिस को निर्दोष लोगों को परेशान करने के बजाय उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, जो वास्तव में नशे के अवैध कारोबार में लिप्त हैं। नीलेश के दोषमुक्त होने पर सरपंच ने तंज कसते हुए कहा, सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं।

न्यायालय के फैसले के बाद करीब एक साल पुराने इस मामले ने एक बार फिर क्षेत्र में चर्चा छेड़ दी है। एक ओर जहां नीलेश के गांव लौटने पर ग्रामीणों ने उसका स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर पुलिस की कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों के पुराने आरोप फिर सामने आ गए हैं। अब इस पूरे घटनाक्रम ने पुलिस की कार्रवाई और गांव में सक्रिय वास्तविक नशे के कारोबारियों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने की जरूरत पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

महिला की हत्या के मामले में पांच गिरफ्तार

शिवपुरी। बदरवास थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी खजूरी में पुरानी रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को घटना के 24 घंटे के भीतर पकड़ने का दावा किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर और लाठी, लुहांगी व कुल्हाड़ी सहित अन्य हथियार जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, घटना 30 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे ग्राम छोटी खजूरी में पप्पू जाटव के घर के सामने की है। फरियादी बारेलाल जाटव (38) निवासी छोटी खजूरी ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिजनों के साथ गांव के रास्ते से गुजर रहा था। इसी दौरान भोला जाटव ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कथित तौर पर भूरिया बाई, रामबती बाई, राहुल जाटव, फेरन सिंह जाटव, रोहित जाटव और गायत्री बाई को जान से मारने की नीयत से ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया। इसी दौरान अन्य आरोपियों ने कुल्हाड़ी, लाठी, फरसा और बल्लम से परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। हमले में भूरिया बाई जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर बदरवास पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

ट्रैक्टर चढ़ाने और लाठी-कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोप, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर जब्त

मुखबिर की सूचना पर खेतों में दबिश, पांच आरोपी दबोचे

महिला की हत्या की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोल्कर भूटिया ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामदास प्रजापति एवं कोलारस एसडीओपी संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में बदरवास थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन यादव ने पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। 31 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हत्या के मामले के आरोपी ग्राम खजूरी के हार में छिपे हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर भोला जाटव (30), दुर्गेश जाटव (35), भागीरथ जाटव (55), विनोद जाटव (33) और शीलकुमार जाटव (19), सभी निवासी ग्राम छोटी खजूरी, को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित लाठी, लुहांगी और कुल्हाड़ी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

शिवपुरी में अवैध अहातों को बंद कराने उठाई आवाज

टीआई की हत्या के विरोध में कांग्रेस ने बनाई मानव श्रृंखला, माफिया पर कार्रवाई की मांग

आबकारी अधिकारियों की भूमिका पर भी खड़े किए सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

देवास में शराब माफिया द्वारा टीआई की हत्या की घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर गुना बायपास चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में बढ़ते शराब माफिया के प्रभाव, अवैध शराब की बिक्री और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। कांग्रेस ने शिवपुरी में शराब दुकानों के आसपास संचालित कथित अवैध अहातों को तत्काल बंद कराने की मांग भी उठाई।

नकली कारोबार की शिकायतें

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में शराब माफिया का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। शहरों से लेकर गांवों तक गली-गली शराब की उपलब्धता और नकली शराब के कारोबार की शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन शासन इस पर प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई दे रहा है। उन्होंने देवास में टीआई की निर्मम हत्या को प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था और शराब माफिया पर नियंत्रण की विफलता का प्रमाण बताया।

कांग्रेस नेताओं ने शिवपुरी शहर में फिजिकल कॉलेज रोड, लक्ष्मी निवास के पास और करौंदी सम्पवेल के नजदीक स्थित शराब दुकानों पर संचालित हो रहे कथित अवैध अहातों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उनका आरोप था कि आबकारी अधिकारियों की कथित शह पर ये अहाते शासन की मंशा और निर्धारित नियमों के विपरीत संचालित हो रहे हैं। इन स्थानों से गुजरने वाली महिलाओं, पुरुषों और छात्र-छात्राओं को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस ने संबंधित स्थलों की जांच कर अवैध अहातों को तत्काल बंद कराने की मांग की।

आबकारी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

मानव श्रृंखला और प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिला आबकारी अधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जिले में अवैध शराब की बिक्री और जगह-जगह शराब उपलब्ध होने पर चिंता जताई। साथ ही अवैध अहातों के संचालन पर रोक लगाने, शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शराब माफिया के बढ़ते प्रभाव पर अंकुश लगाने के लिए केवल दावे नहीं, बल्कि धरातल पर ठोस कार्रवाई की जरूरत है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।



एसडीएम कार्यालय में हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित

बीना। एसडीएम कार्यालय में मंगलवार को एसडीएम आशीष कुमार की अध्यक्षता में बीना विकासखंड एवं तहसील क्षेत्र के समस्त हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीना, खुरई, मालथौन, राहतगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालित हार्वेस्टर संचालकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि विभाग एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा हार्वेस्टर संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने हार्वेस्टर संचालकों को शासन द्वारा जारी निर्देशों एवं सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने तथा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए कहा। बैठक में निर्णय लिया गया कि हार्वेस्टर मशीनों में आवश्यक सुरक्षा एवं प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करना। सभी हार्वेस्टर संचालकों द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करना। किसानों की सुविधा एवं फसल कटाई के दौरान उचित व्यवस्था बनाए रखना। सभी हार्वेस्टरों में एसएमएस सिस्टम लगाने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि किसानों को समय पर सूचना एवं बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त प्रबंधन व्यवस्था अनिवार्य रूप से लागू करना आवश्यक है। बैठक में जेडी शर्मा एसडीओ, अवधेश राय एसएडीओ, कृषि विस्तार अधिकारी दीपेश मोगे एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा हार्वेस्टर संचालकों से अपील की गई कि वे सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन करें, ताकि किसानों को फसल कटाई के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा कृषि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने एक-एक आवेदक की सुनी फरियाद

मौके पर ही सुलझीं ग्रामीणों की समस्याएं, लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

ग्रामीणों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से मंगलवार को खोड़ उपतहसील कार्यालय में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा की पहल पर आयोजित इस शिविर में शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन भी मौजूद रहे। शिविर में सैकड़ों ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कलेक्टर ने एक-एक आवेदक की बात गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनी तथा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया।

शिविर में राजस्व, नामांतरण, बिजली, पेयजल, कब्जा, अतिक्रमण, राशन, बीपीएल कार्ड, पेंशन, सहकारिता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदनों का निराकरण केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि पात्र हितग्राहियों को वास्तविक लाभ मिले और शिकायतों का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम शामिल कराने के लिए कई ग्रामीणों ने आवेदन दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पात्र पाए गए खोड़ निवासी कोमल प्रसाद, ग्राम शेरगढ़ निवासी रामदेवी प्रजापति और ग्राम चंदावनी निवासी लीला आदिवासी के नाम बीपीएल सूची में शामिल किए। लीला आदिवासी को बीपीएल सूची में नाम जुड़ने के साथ ही आहार अनुदान योजना का लाभ भी दिलाने की प्रक्रिया मौके पर पूरी कराई गई। एक ही शिविर में दो योजनाओं का लाभ मिलने से हितग्राही को बड़ी राहत मिली।

जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से मिलेगी ग्रामीणों को राहत

खोड़ में आयोजित जनसुनवाई शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक सुविधाएं और समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई। कई आवेदकों को मौके पर ही राहत मिली, जिससे वे संतुष्ट होकर अपने घर लौटे।प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों को यह भरोसा मिला कि उनकी समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए प्रशासन स्वयं उनके क्षेत्र तक पहुंच रहा है।



आधार कार्ड की परेशानी दूर

शिविर में एक पिता अपनी जुड़वां बेटियों रिद्धि और सिद्धि लोधी के आधार कार्ड बनवाने की समस्या लेकर पहुंचा। वह लंबे समय से इस काम के लिए परेशान था। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ई-गवर्नेंस मैनेजर को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में बड़ी बेटी रिद्धि का आधार कार्ड पहले से बना मिला, जिसे तत्काल प्रिंट कराकर आवेदक को सौंप दिया गया। वहीं छोटी बेटी सिद्धि के नए आधार कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी शिविर में ही पूरी कराई गई। इससे परेशान पिता को काफी राहत मिली।

लंबित नामांतरण का निराकरण

ग्राम गणेशखेड़ा निवासी नरेंद्र सिंह लोधी ने नामांतरण प्रकरण के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम और तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए नामांतरण दर्ज कर लिया। लंबे समय से लंबित प्रकरण का समाधान होने पर आवेदक ने राहत महसूस की।